दिन– सोमवार दिनांक– 24 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. जीविका समूहों में वित्तीय अनियमितता के मामले में बाईस कर्मी सेवा से बर्खास्त किये गए। तीस अलग–अलग मामलों में प्राथमिकी दर्ज।

02. प्रवर्तन निदेशालय ने रेलवे दावा घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आठ करोड़ रुपये से अधिक की चौबीस अचल संपत्तियों को अंतिम रूप से कुर्क किया।

03. आज विश्व तपेदिक दिवस है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा बिहार की तीन सौ चौवालीस पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करेंगे।

04. और, ऑल इंडिया नेशनल डेफ स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में बैडमिंटन के डबल्स मुकाबले में बिहार के अंकुर श्रीवास्तव और ऋतिक आनंद की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।

---

जीविका समूहों में अनियमितता का मामला सामने आने के बाद बाईस कर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं, बीस कर्मियों को आर्थिक दंड की चेतावनी दी गयी है। इसके अलावा तीस अलग–अलग मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गयी है और पैंतीस मामलों की जांच जारी है। ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि वित्तीय अनियमितता बरतने के मामले में ये कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि जिन कर्मियों की सेवा समाप्त की गयी है, उसमें जिला परियोजना प्रबंधक, प्रखंड परियोजना प्रबंधक, वित्त प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक, लेखापाल और प्रशिक्षण अधिकारी शामिल हैं। श्री कुमार ने कहा कि विभागीय पदाधिकारियों को जीविका समूहों की कड़ी निगरानी के निर्देश दिये गये हैं।

---

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने रेलवे दावा घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आठ करोड़ रुपये से अधिक की चौबीस अचल संपत्तियों को अंतिम रूप से कुर्क कर लिया है। यह संपत्ति पटना, नालंदा, गया और नई दिल्ली में स्थित है। इस मामले में ईडी ने पटना की विशेष अदालत के समक्ष विभिन्न आरोपियों को पीएमएलए के तहत दोषी ठहराने की मांग की थी, जिस पर कोर्ट ने संज्ञान लिया है। यह मामला रेलवे के

पटना स्थित दावा न्यायाधिकरण से संबंधित है। गौरतलब है कि आकस्मिक मृत्यु दावा मामलों में दावेदारों को दी गयी राशि का केवल एक हिस्सा ही मिला, जबकि बड़ा हिस्सा साजिशकर्ताओं ने हड़प लिया था।

---

राज्य में पंचायत उपचुनाव के तहत एक हजार छह सौ सत्तर पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा। इनमें जिला परिषद सदस्य के कुल पांच पद, मुखिया के चौवन, सरपंच के सैंतालीस, पंचायत समिति सदस्य के पैंतालीस, पंचायत वार्ड सदस्य के चार सौ छियानवे और ग्राम कचहरी पंच के एक हजार तेईस पद शामिल हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी संबंधित जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी, को मतदाता सूची बनाने का निर्देश दिया है। साथ ही, यह भी निर्देश दिया है कि मतदाता सूची के निर्माण तक जो भी पद रिक्त हो गए हैं, उसे शामिल करते हुए इसकी सूचना आयोग को दी जाए। इधर, राज्य के छह नगर निकायों में आम चुनाव और नगर निकायों के चालीस रिक्त सीटों के लिए भी उपचुनाव की तैयारी शुरू कर दी गयी है।

---

पंचायती राज विभाग ने ग्राम कचहरी सचिव पद के लिए अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन कर दिया है। विभाग की वेबसाइट पर यह सूची उपलब्ध है। विभाग ने कहा है कि अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाइट तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी जाएगी।

---

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता लाने और वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के प्रयास तेज करने के लिए प्रत्येक वर्ष चौबीस मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। 'वर्ष उन्नीस सौ बयासी में डॉक्टर रॉबर्ट कोच ने टीबी के बैक्टीरिया की खोज की थी। उनकी जयंती के उपलक्ष्य में तपेदिक दिवस का आयोजन होता है। केंद्र सरकार ने देश में टीबी उन्मूलन के लिए कई प्रयास किये हैं। इस वर्ष की थीम है हां, हम क्षय रोग का खात्मा कर सकते हैं, प्रतिबद्धता, निवेश और परिणामी प्रयास। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

---

राज्य की तीन सौ चौवालीस पंचायतें टीबी मुक्त हो गई हैं। विश्व तपेदिक दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा राज्य की इन पंचायतों को आधिकारिक रूप से यक्ष्मा मुक्त पंचायत घोषित करेंगे। इस अवसर पर इक्कीस जिलों के यक्ष्मा पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस वर्ष टीबी रोगियों की खोज में पंद्रह लाख, पंद्रह हजार नौ सौ इक्यासी लोगों की स्क्रीनिंग की गयी।

---

प्रदेश में जन्मजात विकृति वाले बच्चों की निशुल्क क्लेफ्ट सर्जरी शुरू की गयी है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि आठ जिलों के दो सौ पंद्रह बच्चों की सर्जरी पूर्वी चम्पारण के रक्सौल स्थित द डंकन हॉस्पिटल में शुरू की गयी है। इससे कटे तालु, ओंठ और हकलाने वाले बच्चों की जन्मजात विकृतियों को ठीक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सत्ताईस मार्च तक सर्जरी की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। सर्जरी के लिए चयनित जिलों में पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी और मधेपुरा शामिल हैं।

---

प्रदेश में इस वर्ष जून और जुलाई महीने में डायरिया रोको अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित होने वाले इस अभियान के तहत उन घरों को शामिल किया जाएगा, जहां पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चे हैं। इन घरों में आशा कर्मी ओआरएस पैकेट और जिंक सल्फेट दवाई का वितरण करेंगी। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने इस संबंध में सभी सिविल सर्जन को पत्र भेजा है।

---

बिहार दिवस समारोह का आज अंतिम दिन है। पटना के गांधी मैदान में आयोजित समारोह के समापन कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां शामिल होंगे। इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

---

पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के साथ ही प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना

ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी होगी।

———बाइट———

इधर, सहरसा के बस्ती पोखर के पास आंधी के कारण दीवार गिरने से एक महिला की दबकर  मौत हो गई।

---

अहमदाबाद में चल रही ऑल इंडिया नेशनल डेफ स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में बैडमिंटन के ब्वॉयज डबल्स मुकाबले में पटना के अंकुर श्रीवास्तव और हाजीपुर के ऋतिक आनंद की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता है। दोनों ने राजस्थान के अभिनव शर्मा और पीयूष की जोड़ी को सीधे सेटों में पराजित किया।

---

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित सेपक टाकरा विश्व कप में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत की महिला टीम ने डबल्स मुकाबले में रजत पदक जीता है। वहीं, पुरूष वर्ग के डबल्स में भारत को कांस्य पदक मिला। इससे पहले क्वाड मुकाबलों में भारत की महिला और पुरूष टीम ने कांस्य पदक जीता था। प्रतियोगिता में आज से रेग्यूलर मुकाबले खेले जायेंगे।

---

आईपीएल–टी–ट्वेंटी क्रिकेट में बिहार के ईशान किशन ने सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए एक मुकाबले में पैंतालीस गेदों में शानदार शतक बनाकर टीम को जीत दिलाई है। कल हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलते हुए ईशान ने ग्यारह चौके और छह छक्कों की मदद से कुल एक सौ छह रन बनाए। इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को चौवालीस रनों से हरा दिया। ईशान किशन को प्लेयर ऑफ़ द मैच घोषित किया गया।

---

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत वित्तीय वर्ष, दो हजार बाईस–तेईस और दो हजार तेईस–चौबीस में पहली और दूसरी किस्त लेने वाले लाभार्थियों को पांच अप्रैल

तक उपयोगिता प्रमाण पत्र–यूसी देना होगा। उद्योग विभाग ने लाभार्थियों से योजना से संबंधित पोर्टल पर यूसी अपलोड करने का आग्रह किया है। जो लाभार्थी उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा नहीं करेंगे, उन्हें अगले किस्त की राशि जारी नहीं की जाएगी।

---

पटना के शाहपुर थाना क्षेत्र के अकलुचक से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

पटना के नौबतपुर से पुलिस ने कुख्यात भरत शर्मा गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास के कई हथियार भी बरामद किये गये हैं।

---

शिवहर के छतौना स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में एक छात्रा की आत्महत्या से आक्रोशित छात्रों ने जमकर हंगामा किया। इस मामले में पुलिस ने सोलह छात्रों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

---

नवादा जिले के वारिसलिगंज थाना क्षेत्र के मुर्गियाचक से पुलिस ने पचास हजार रूपये के ईनामी अपराधी राहुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

---

खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र के महदीपुर गांव स्थित एक घर में छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और हथियार बरामद की है। शराब तस्कर की गिरफ्तारी के छापेमारी की जा रही है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – बिहार में खपत से दोगुनी होगी बिजली आपूर्ति क्षमता। दस शहरों में बनेगा ग्रिड सब–स्टेशन।

दैनिक जागरण ने लिखा है – मध्य प्रदेश में अंगदान करने वालों के स्वजन को आयुष्मान योजना का मिलेगा लाभ।

दैनिक भास्कर लिखता है – पीएमसीएच के नये भवन में मई से होगा इलाज। पांच सौ बेड की होगी इमरजेंसी और पांच सौ बेड की आईसीयू।

प्रभात खबर की सुर्खी है – एक अप्रैल से अब एनसीईआरटी की किताबें पढ़ेंगे छठी से आठवीं तक के बच्चे।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं – अब रोबोट सीमाओं की करेगा निगरानी।

आज अखबार की सुर्खी – आईपीएल में दिखा ईशान किशन का जलवा, सैंतालीस गेंद पर बनाए एक सौ छह रन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. जीविका समूहों में वित्तीय अनियमितता के मामले में बाईस कर्मी सेवा से बर्खास्त किये गए। तीस अलग–अलग मामलों में प्राथमिकी दर्ज।

02. प्रवर्तन निदेशालय ने रेलवे दावा घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आठ करोड़ रुपये से अधिक की चौबीस अचल संपत्तियों को अंतिम रूप से कुर्क किया।

03. आज विश्व तपेदिक दिवस है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा बिहार की तीन सौ चौवालीस पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करेंगे।

04. और, ऑल इंडिया नेशनल डेफ स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में बैडमिंटन के डबल्स मुकाबले में बिहार के अंकुर श्रीवास्तव और ऋतिक आनंद की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।